हिन्दुस्तान

नकली शराब बनाने के तीन अड्डे ध्वस्त

हिन्दुस्तान टीम,गिरडीहNewswrap
Fri, 24 Dec 2021 03:51 AM

रेम्बा/झारखंडधाम (हिटी) । हीरोडीह थाना क्षेत्र के नेरो, करिहारी, भुचरो एवं रेम्बा में बुधवार शाम उत्पाद विभाग ने नकली अंग्रेजी शराब बनाने के अड्डे पर छापेमारी कर सैकड़ों लीटर ्प्रिरट एवं अंग्रेजी शराब बनाने में काम आनेवाली चीजों को बरामद किया। नेरो छोड़ अन्य अड्डों पर इस गोरखधंधे को चलानेवाले भागने में कामयाब रहे। नेरो से सिकन्दर साव को उत्पाद विभाग की टीम गिरफ्तार कर साथ ले गयी। करिहारी में अवैध महुआ चुलाई अड्डे पर छापेमारी की गई। जहां कई लीटर महुआ शराब एवं अन्य चीजें बरामद की गई। रेम्बा अशोक साव एवं मिंटू के यहां से सौ-सौ लीटर ्प्रिरट, रैपर, 300 ढक्कन, 200 खाली बोतल मिले। भुचरो के दीपू राय के पास से कोदम्बरी पेट्रोल पंप के सामने के होटल में खपाते 6 नकली शराब की 6 बोतल पकड़ी गई। नेरो में 10 लीटर ्प्रिरट 42 आईबी का प्वाइंट, 48 आरएस का प्वाइंट 4 पेटी बनी हुई शराब प्राप्त हुई। उक्त बातें उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के अरुण कुमार पांडेय ने कही। बताया कि सिकन्दर साव को नेरो के अड्डे पर रेड के समय पकड़ा गया। कहा कि उत्पाद अधिनियम 47 ए एवं 55 के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। कहा कि नकली शराब बेचनेवाले व बनानेवाले के विरुद्ध मुहिम चल रही है। सभी पकड़े जाएंगे। कहा कि करिहारी में अवैध महुआ शराब बनाने वाले सुनील पण्डित पर भी कार्रवाई की जा रही है।

Source: https://www.livehindustan.com/jharkhand/gridih/story-three-bases-for-making-spurious-liquor-demolished-5399407.html